## एक नजर में

### सुशासन दिवस पर आज दिलायी जाएगी शपथ

**रतलाम।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। बुधवार 24 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय एवं सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन की शपथ दिलाई जायेगी।

### सुशासन सप्ताह अंतर्गत वरिष्ठजनों का सर्वे किया जा रहा है

**रतलाम।** सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिले में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई पहल का पहला चरण 22 दिसंबर से प्रारंभ किया गया है। माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण अधिनियम अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति के संरक्षण के लिए वरिष्ठजनों के सर्वे के लिए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार गठित दल द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। दल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के घर जाकर संपर्क कर घरेलू सहायकों की पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है एवं आपातकालीन स्थिति में संपर्क के लिए वरिष्ठ नागरिक और उनके रिश्तेदारों का डेटा संग्रहित किया जा रहा है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और समग्र सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर 14567 एवं जिला कॉल सेंटर के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। गठित दल पटवारी विजय श्रोत्रिय द्वारा मंगलवार को भंवर बाई पति अमरनाथ योगी उम्र 68 वर्ष निवासी 88 सज्जन मिल के सामने अम्बेडकर नगर रतलाम का सर्वे किया एवं योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की। इसी प्रकार वार्ड नंबर 31 में कमलजीत कौर द्वारा सर्वे किया गया।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत बाजना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रतलाम।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के रतलाम जिले के बाजना विकासखंड में मंगलवार को भारत सरकार, एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर द्वारा पीएम विश्वकर्मा स्कीम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, लाभार्थियों एवं युवाओं को केंद्र सरकार की योजनाओं तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना था। कार्यक्रम में सहायक निदेशक राज कुमार मोहनानी द्वारा मीशो एप्लीकेशन के माध्यम से उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण एवं स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कारीगर एवं एमएसएमई इकाइयाँ मीशो जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग कर अपने उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर बेच सकते हैं। इसके पश्चात सहायक निदेशक निलेश त्रिवेदी द्वारा भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं, विशेष रूप से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के उद्देश्य, लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीईओ, जनपद पंचायत मनीष, मैनेजर इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक गौरव भाकर, प्राचार्य आईटीआई बाजना ओ.पी. कुल्हाड़े, मैनेजर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया संजय दरिया, सीनियर एनएसडीसी रतलाम अश्विन पुरोहित, एक्सटेंशन ऑफिसर हैंडीक्राफ्ट सुकोमल कार्यक्रम में उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं, वित्तीय सहायता, कौशल विकास एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी साझा की तथा प्रतिभागियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, कारीगर उपस्थित थे। कार्यक्रम में इच्छुक प्रतिभागियों के पेटीएम एवं इंडिया पोस्टल बैंक के मर्चेंट खाते भी खोले गए। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

### बंद पडे नाली निर्माण मे दुर्घटना की आशंका, एसडीएम से कि शिकायत

**जावरा।** हम प्रार्थीगण वार्ड 29 खारीवाल कॉलोनी रेल्वे स्टेशन के पास के नागरिको ने एसडीएम कों जनसुनवाई मे आवेदन देते हुए एक सप्ताह से बंद पडे नाली निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग कि है। एसडीएम को नागरिको ने बताया कि खारीवाल कॉलोनी रेल्वे स्टेंशन के पास मे नगरपालिका जावरा द्वारा निर्माणाधीन नाली का निर्माण किया जा रहा है। एक सप्ताह से नाली निर्माण का कार्य बंद पडा है। जिसके चलते खुले मे ही मटेरियल पडा हुआ है। ऐसी अवस्था में कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। सबंधीत ठेकेदार व अधिकारीयो से चर्चा करने पर सही जवाब नही दिया जा रहा है। स्थानीय बच्चे भी वही खेलते है। कुछ बच्चो को नाली मे गिरने पर चोट लगी है। पशु जानवर भी नाली मे गिर जाते है, वाहन पार्किंग की समस्या आ रही है। जिससे स्थानीय रहवासीयो को दैनिक दिनचर्या मे परेशानीयो का सामना करना पड रहा है। कभी भी कोई जनहानि हो सकती है। जिसकी जिम्मेदारी सबंधीत विभाग के अधिकारीयो की व प्रशासन की रहेगी। नाली का अधुरा पडा नर्माण कार्य जल्द से जल्द पुरा करवाया जाए।

### पुणे में हुआ राजेन्द्र श्रोत्रिय की पुस्तक का विमोचन, फिर किया सम्मान




**जावरा।** देश के जाने-माने व्यंग्य एव गीतकार कवि राजेन्द्र श्रोत्रीय जावरा के काव्य संकलन मां निरूत्तर है का विमोचन होटल फार्म पैराडाइज मान रोड, हिंजेवाडी, पुणे में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन संस्था एक प्रयास, भारत के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हास्य-व्यंग्य कवि महेन्द्र माणिक ने किया। हास्य कवि शरदेन्दु शुक्ला शरद, माडर्न कालेज की हिंदी विभाग प्रमुख डा प्रेरणा उबाले, गजलकारा इन्दिरा पूनावाला, फिल्म गीतकार व संस्था एक प्रयास भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजू चौरसिया, इन्दौर, महेन्द्र माणिक सभी कवि कवयित्रियों ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर उनके द्वारा पुस्तक मां निरूत्तर है का विमोचन किया। आप सभी ने मंच की शोभा बढ़ाई। काव्यपाठ किया व इस अवसर पर उन्हें साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीतज्ञ डा रितु भट्ट जी के वाद्ध वादन व पिनाक दीपक ने सरस्वती वंदना गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पुणे के जाने-माने साहित्यकारों ने कार्यक्रम में शिरकत की श्री सुरजीत सिंह जख्मी, सुनील जोशी, एसएनडीटी कालेज की सहायक प्राध्यापक डा निर्मला राजपूत, वेदस्मृति कृती, डा अनीता जठार, वैज्ञानिक व कवि डा अनिल बागवान, डा शैलजा दुबे, नंदकुमार मिश्र आदित्य, गोविंद कुमार मिश्र प्रभाकर, जम्मू कश्मीर से पधारे गजलकार प्यासा अंजुम, डा ज्योति कृष्णा, गायक सतीश कुलकर्णी, संस्था एक प्रयास भारत की राष्ट्रीय अध्यक्षा विद्या सराफ, पालिंगो भाषा संस्थान की संस्थापक भावना गुप्ता महेंद्र, समाज सेवी जब्बार शेख को हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित कवि कवयित्रियों ने काव्यपाठ किया। सफल, शानदार कार्यक्रम के सूत्रधार की भूमिका कीर्तिश गरिमा श्रोत्रिय जी ने निभाई। अर्चिता विवेक दीपक ने आभार व्यक्त किया। अंत में इन्दिरा पूनावाला के मरहूम शौहर एमएच पूनावाला व पुणे की विख्यात साहित्यकारा प्रभा माथुर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# ऑपरेशन मुस्कान : पुलिस ने 11 माह में 530 बालक-बालिकाएं ढूंढ परिजनों को सौंपा



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत उल्लेखनीय सफलता हासिल की हैं। पुलिस ने अभियान के तहत 11 माह में 530 बालक-बालिकाएं ढूंढ परिजनों के सुपूर्द किया।

**45 बालक और 458 बालिकाओं को खोजा गया**

पुलिस ने 1 जनवरी से अभी तक 45 बालकों एवं 485 बालिकाओं सहित कुल 530 अपहृत बालक, बालिकाओं को खोजा गया। एसपी की सक्रियता से जिले के थाना अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस सक्रिय रही। इससे अभियान के दौरान उल्लेखनीय सफलता मिली। अलग-अलग थानों की पुलिस ने 11 माह में ही 530 बच्चों को ढूंढ निकाला।

पुलिस के अनुसार पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन में रतलाम जिले में गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। जिले में घटित होने वाले नाबालिग बच्चों से संबंधित अपराधों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों एवं अनुविभागीय अधिकारियों को विशेष रूप से गुमशुदा एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की खोजबीन कर शीघ्र दस्तयाब करने के निर्देश प्रदान किए गए है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम (शहर) राकेश खाखा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम (ग्रामीण) के मार्गदर्शन एवं सभी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में वर्ष के दौरान जिले में विशेष अभियान चलाया गया।

**अभियान में यह प्रयास किए:** पुलिस के अनुसार अभियान के तहत सायबर सेल, जेएबी शाखा एवं थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। परिजनों के कथन, तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से गुम/अपहृत बच्चों की तलाश की गई। प्रदेश ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान एवं अन्य राज्यों से भी बच्चों को सुरक्षित दस्तयाब किया गया। दस्तयाब किए गए बच्चों को विधिसम्मत कार्रवाई कर सुरक्षित परिजनों को सौंपा गया।

**माहवार स्थिति**

- जनवरी माह में 1 बालक, 23 बालिका सहित 24 बच्चों को दस्तियाब किया।
- फरवरी माह में 10 बालक, 96 बालिका सहित 106 को दस्तियाब किया।
- मार्च माह में 7 बालक, 31 बालिका सहित 38 बच्चों को दस्तियाब किया।
- अप्रैल माह में 1 बालक,25 बालिका सहित 26 बच्चों को दस्तियाब किया।
- मई माह में 9 बालक, 58 बालिका सहित 67 बच्चों को दस्तियाब किया।
- जून माह में 1 बालक, 35 बालिका सहित 36 बच्चों को दस्तियाब किया।
- जुलाई माह में 3 बालक, 26 बालिका सहित 29 बच्चों को दस्तियाब किया।
- अगस्त माह में 2 बालक, 25 बालिका सहित 27 बच्चों को दस्तियाब किया।
- सितंबर माह में 6 बालक, 64 बालिका सहित 70 बच्चों को दस्तियाब किया।
- अक्टूबर माह में 1 बालक,29 बालिका सहित 30 बच्चों को दस्तियाब किया।
- नवंबर माह में 4 बालक,73 बालिका सहित 77 बच्चों को दस्तियाब किया।

## बालिका क्रिकेट में गुरू तेग बहादूर एकेडमी बना विजेता

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा रतलाम में आयोजित चार दिवसीय खेल महाकुंभ खेल चेतना मेला में मंगलवार को सभी खेल स्पर्धाओं के निर्णायक मुकाबले संपन्न हुए। विजेता खिलाड़ियों को मैदान पर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस बार खेल मेला में बालिका क्रिकेट सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा। पहली बार बालिका क्रिकेट स्पर्धा रखी गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में टीमों ने भाग लिया। स्पर्धा के दौरान एक से बढ़कर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। निर्णायक मुकाबला गुरू तेग बहादुर एकेडमी और सांईश्री इंटरनेशनल के बीच हुआ। रोमांच से भरे इस मुकाबले को गुरू तेग बहादुर एकेडमी ने जीत लिया। बालक वर्ग में हिमालया इंटरनेशनल विजेता रहा जबकि उपविजेता गुरू तेग बहादूर पब्लिक स्कूल रहा। शह और मात के खेल शतरंज में 465 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रोटरी हॉल में आयोजित स्पर्धा में नन्हे खिलाड़ी बड़ी चाल चलते नजर आए। जिन्हें खेलता देख हर कोई दंग रह गया। आयु वर्ग के हिसाब से चार वर्ग में खिलाड़ियों को विभाजित कर मैच कराए गए थे। टीम स्पर्धा में बालक और बालिका दोनों वर्गों में गुरू तेग बहादुर स्कूल विजेता रहा जबकि सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल रनर-अप रहा। बालक वर्ग में नैवेद्य जोशी, बालिका वर्ग में जानवी जैन, सीनियर बालक वर्ग में वंश मगनानी, बालिका में मुस्कान साहू, जूनियर बालक वर्ग में प्रविज्ञ चौरड़िया, बालिका में दिशा, सब जूनियर बालक में इवान यादव, बालिका में अवनि सखलेचा, मिनी बालक में तक्शिल गोसर व बालिका में कैरा नानानी ने जीत दर्ज की।

**खेल चेतना मेला में खेल प्रतिस्पर्धाएं हुई संपन्न**

व्हालीबॉल का निर्णायक मुकाबला हिमालया इंटरनेशनल एवं न्यू तैय्यबिया के बीच खेला गया। यह मुकाबला शुरू से आखिरी तक रोमांच से भरा रहा। दोनों ही टीम एक-एक अंक के लिए शुरू से अंत तक संघर्ष करती नजर आई। एक-एक अंक निरंतर दोनों टीम के द्वारा बटोरे जाने से जीत किसकी होगी यह कह पाना मुश्किल नजर आ रहा था लेकिन रोमांच से भरे इस मैच को हिमालया ने जीत लिया।

## मुकेश कुमार ने ग्रहण किया जनसंपर्क अधिकारी इंदौर का पदभार



**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग में जन संपर्क अधिकारी इंदौर के रूप में मुकेश कुमार ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। कुमार इससे पूर्व रतलाम मंडल में मंडल कार्यालय रतलाम में मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक के रूप में पदस्थ थे। वर्तमान में पदस्थ जनसंपर्क अधिकारी इंदौर खेमराज मीना का स्थानांतरण अहमदाबाद में निर्माण विभाग में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में हुआ है।

# निर्वाचक नामावली की प्रारूप सूची का प्रकाशन



**रतलाम।** निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अन्तर्गत मंगलवार को निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया गया। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मिशा सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावली में दावे एवं आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत की जा सकती है। नोटिस जारी किया जाकर सुनवाई कर निराकरण 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा, 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक नाम जोड़ने हेतु फार्म-6, नाम निरसन हेतु फार्म-7 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 भी बीएलओ द्वारा प्राप्त किये जाने की कार्यवाही निरंतर रहेगी।

**एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न**

27 अक्टूबर 2025 की निर्वाचक नामावली के अनुसार विधानसभा 219 रतलाम ग्रामीण 252 मतदान केन्द्र एवं 217634 मतदाता, विधानसभा 220 रतलाम सिटी में 261 मतदान केन्द्र एवं 221137 मतदाता, विधानसभा 221 सैलाना में 256 मतदान केन्द्र एवं 219409 मतदाता, विधानसभा 222 जावरा में 275 मतदान केन्द्र एवं 239412 मतदाता, विधानसभा 223 आलोट में 253 मतदान केन्द्र एवं 226443 मतदाता, जिले में कुल 1297 मतदान केन्द्र एवं 1124035 मतदाताओं की संख्या थी।

प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर के अनुसार विधानसभा 219 रतलाम ग्रामीण 262 मतदान केन्द्र एवं 211680 मतदाता, विधानसभा 220 रतलाम सिटी में 269 मतदान केन्द्र एवं 200634 मतदाता, विधानसभा 221 सैलाना में 279 मतदान केन्द्र एवं 210830 मतदाता, विधानसभा 222 जावरा में 290 मतदान केन्द्र एवं 231921 मतदाता, विधानसभा 223 आलोट में 299 मतदान केन्द्र एवं 219760 मतदाता, जिले में कुल 1399 मतदान केन्द्र एवं 1074825 मतदाताओं की संख्या है।

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप सूची कापी प्रदाय की**

मंगलवार को कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप सूची की हार्ड एवं साफ्ट कापी प्रदाय की। इस अवसर पर एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जगदीश भारती महाराज का देवलोक गमन



**रतलाम।** श्री 10008 श्री संत शिरोमणि जगदीश भारती महाराज 'टाट वाले बाऊजी / लोंग इलायची वाले बाऊजी' की वैकुंठ यात्रा (देवलोक गमन) गत दिवस कुशलगढ़ में हुआ। उनके देवलोक गमन से संपूर्ण क्षेत्र, श्रद्धालुओं, शिष्यों एवं साधक समाज में गहन शोक व्याप्त है। गुरुदेव एक साधारण संत नहीं, बल्कि तप, त्याग और सिद्धि की जीवंत परंपरा थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में देश के विभिन्न धार्मिक व सिद्ध स्थलों पर कुल 12-12 वर्षों की अखंड तपस्या कर सनातन साधना की दुर्लभ ऊँचाइयों को स्पर्श किया।

मध्य प्रदेश स्थित काला कुंड की गुफा में गुरुदेव को लगभग 80 वर्ष पूर्व मातेश्वरी के साक्षात दर्शन प्राप्त हुए, जो उनकी दिव्य साधना का प्रमाण माने जाते हैं। कुशलगढ़-नागदा स्थित बिजलेश्वर महादेव की गुफा में भी गुरुदेव ने 12 वर्षों की कठिन साधना की। वे कहा करते थे कि इस गुफा में आज भी एक 700 वर्ष आयु के दिव्य सिद्ध संत सूक्ष्म रूप में विद्यमान हैं, जो साधकों का मार्गदर्शन करते हैं।

इसके अतिरिक्त कोठारिया की गुफा में भी उन्होंने 12 वर्षों की अखंड साधना कर सिद्धि प्राप्त की। गुरुदेव की कुशलगढ़ स्थित श्री नागनाथ महादेव मंदिर में विशेष आस्था थी। इसके साथ ही उनका देशभर के अनेक प्रख्यात धार्मिक स्थलों पर निरंतर आध्यात्मिक प्रवास रहा, जिनमें प्रमुख रूप से — बिलकेश्वर महादेव, रामेश्वर महादेव, देवझर महादेव, धूमलेश्वर महादेव, चामुंडा माता (बूँदी), ढोबरा महादेव, सिंगोली श्याम, कालदा माताजी, चौथ भवानी, डाटूंदा माताजी, आवरी माताजी, चित्तौड़गढ़ स्थित कालिका माता व जोगणिया माताजी, 64 जोगणिया माताजी (सरोना) आदि स्थल से श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

## कलेक्टर ने लंबित 12 आवेदनों पर की सुनवाई

**रतलाम।** वाली जनसुनवाई में कलेक्टर मिशा सिंह ने नवाचार करते हुए ऐसे आवेदन जो अधिक समय से लंबित थे, पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर कक्ष में संबंधित आवेदनकर्ता एवं संबंधित विभाग प्रमुख की उपस्थिति में समस्या को सुना तथा आवेदको एवं विभाग प्रमुखों से समक्ष मे चर्चा कर निराकरण किया। मंगलवार को 6 आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया एवं शेष 6 आवेदनो का समाधान एक सप्ताह में करने के लिए विभाग प्रमुख को निर्देशित किया गया। मंगलवार को जिलेभर के चयनित 12 आवेदक कलेक्टर ने सुना। जिसमें से 6 आवेदनों का समाधान होने पर नस्तीबद्ध किया।

## लापरवाही पर सीएचओ को नोटिस




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। लापरवाही सहित अन्य आरोप लगे हैं। इसके बावजूद भी अमला लापरवाह बना हुआ हैं। अब स्वास्थ्य विभाग ने एक लापरवाह सीएचओ को नोटिस जारी किया हैं। बताया जा रहा है कि यह अधिकारी योजनाओं से लेकर कार्य में लापरवाही कर रहा था।

जानकारी के अनुसार जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मलवासा में पदस्थ सी एच ओ को अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का अनमोल पोर्टल पर मैनेजमेंट दर्ज नहीं किए जाने तथा गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत प्रविष्टि कम किए जाने के कारण मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी रतलाम ग्रामीण ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर देने के लिए तीन दिवस की समय सीमा निर्धारित की गई है। समयावधि में उत्तर प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।



## कंजर से परेशान रिछागुर्जर के ग्रामवासी, रिंगनोद थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** कंजर से परेशान होकर रिछागुर्जर के ग्रामवासियों ने मंगलवार को रिंगनोद थाने पहुंचे। यहां उन्होंने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि 20 से 30 कंजर आए दिन किसान को परेशान करते हैं। कंजर से परेशान होकर रिछागुर्जर के ग्रामवासीयो ने रिंगनोद थाना प्रभारी को आवेदन देते हुए बताया कि 20 से 30 कंजर आए दिन किसान को परेशान करते हैं। गोपालसिंह गुर्जर ने बताया कि रात में खेत पर सिंचाई पर जाने वाले किसानो से बंदी मांगते है। कंजर कहते है की रिछागुर्जर से लगा हुआ पूरा एरिया उनको हप्ता देता है। सिर्फ रिछागुर्जर बाहुल्य होने के कारण लगातार 15 साल से उनके इस बंदी वाले इरादे पर पानी फेर रहा है। बतादे कि रिछागुर्जर से सीधा रास्ता फोरलेन टच हो रहा है, सिर्फ 8 किलोमीटर के अंतराल मे। इसलिए पाणत करने जा रहे किसानों को डरा धमका कर भय का माहौल पैदा कर रहे हैं। किसान कुए पर जाए तो ना बाइक ले जा रहा और ना मोबाइल ले जा पा रहा है। कंजरो ने इतना भय का माहौल पैदा कर दिया। पुलिस प्रशासन शिघ्र ऐसे लोगो पर कार्रवाई करे।

**प्रदर्शन** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला जावरा ने दिया धरना किया प्रदर्शन

# बांग्लादेश और इस्लामी जिहाद का पुतला किया दहन



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जावरा जिला द्वारा सोमवार को बांग्लादेश और इस्लामी जिहाद का पुतला दहन कर धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। बांग्लादेश मे हुई घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा दोपहर 2:30 बजे पिपलौदा चोराहा गांधी प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। इससे पहले रिंगनोद मे भी पुतला जलाया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जावरा जिला मंत्री तूफानसिंह यादव ने कहा कि बांग्लादेश में सता परिवर्तन के बाद इस्लामी जिहादी गतिविधियां निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं और उनके निशाने पर हिंदूओं के मंदिर, व्यावसायिक केंद्र, महिलाएं, संपत्ति, शासकीय कर्मचारी, पत्रकार ही रहते हैं। हिंदू प्रताड़ना की वीभत्स घटनाएं प्रति सप्ताह होती रहती हैं। परंतु गत सप्ताह मेमनसिंह जिले के भालुका में ऐसी घटना हुई है। जिसने पूरी मानवता को लज्जित किया है। एक सामान्य हिंदू श्रमिक दीपूदास पर ईशनिंदा का झूंठा आरोप लगाया गया। एक अनौपचारिक बातचीत में दीपूदास ने ईश्वर के एक होने और उसके विभिन्न नाम होने की बात कही, जिसमें कुरान, इस्लाम या अल्लाह का कोई संदर्भ नहीं था। इसे मनमाने ढंग से ईशनिंदा का रूप देकर उसे प्रताड़ित किया गया। जिहादी तत्व यहीं नहीं रुके और एक बड़ी भीड़ ने पीट पीट कर उसकी नृशंस हत्या कर दी। आतंक फैलाने के लक्ष्य से दीपू की मृत देह को पेड़ से लटका कर जलाया और इन सब हिंसक बर्बर घटनाओं के विडियो सोशल मीडिया में तत्काल प्रसारित किए। यह घटनाएं पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने हुआ और इसे रोकने की कोई चेष्टा नहीं की। बांग्लादेश का पूरा प्रशासन, समाज हिंसक और बर्बर इस्लामी जिहादी तत्वों के हिंदू विरोधी नंगे नाच पर मौन हैं। निष्क्रियता से उन्हें प्रोत्साहित ही कर रहे हैं। अल्पसंख्यकों के मानवीय अधिकारों का ऐसा खुला हनन किसी भी सभ्य समाज में मानवता के विरुद्ध गंभीर अपराध है।

**यह रहे मौजूद**

विभाग संगठन मंत्री अर्जुन गहलोत, जिला अध्यक्ष मधुसूदन पाटीदार विभाग सहसंयोजक राधेश्याम अंजना, जिला सह मंत्री लाल सिंह राठौड़, जिला संयोजक आशीष पोरवाल, जिला सहसंयोजक संदीप राठौर, जिला सेवा प्रमुख ओंकार दास बैरागी, जिला सह गोरक्षा प्रमुख हरीश जलोट, जिला सुरक्षा प्रमुख विकास, जिला सह सामाजिक संस्था प्रमुख नारायण सिंह और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रखंड खंड और ग्राम समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।